Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 04 October 2024

Dainik Jagran Page - 02, 04

मेडल से सम्मानित होंगे गोवि के शोधार्थी

फरवरी के दूसरे सप्ताह में शोध दिवस पर होगा शोधार्थियों का सम्मान कार्यक्रम

शताब्दी वर्ष में याद किए जाएंगे आचार्य रामचंद्र तिवारी

विवेकानंद, लक्ष्मीबाई छात्रावास का 4.83 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार

डीडीयू : गौतम बुद्ध छात्रावास भी शामिल, शासन की सहमति मिली

4.08 करोड़ से हो रहा संत कबीर छात्रावास का जीर्णोद्धार

1.53 करोड़ से प्रस्ताव के तहत गौतम बुद्ध छात्रावास का होगा अनुरक्षण

शोध पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थी आज से अभिलेखों का करा सकेंगे सत्यापन

मूल अभिलेखों के साथ पहुंचें विभाग

गोरखपुर विश्वविद्यालय में नए नियंता मंडल का हुआ गठन

गोरखपुर : गोरखपुर विश्वविद्यालय में मुख्य नियंता बदलने के बाद नियंता मंडल का भी नए सिरे से गठन किया गया है। कुलसचिव ने गुरुवार को 34 सदस्यीय नियंता मंडल की सूची जारी कर दी। सूची में शामिल सभी नियंताओं का कार्य अवधि एक वर्ष निर्धारित की गई है। मुख्य नियंता प्रो. गोपाल प्रसाद के नियंता मंडल में सात महिलाएं शामिल हैं। चार संविदा शिक्षकों को भी सूची में शामिल किया गया है। (विज्ञप्ति)।

Amar Ujala Page - 07

डीडीयू : छात्राओं को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरखपुर यूनिवर्सिटी वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गोरखपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान कर ताइक्वांडो के प्रति जागरूक किया।

कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए इस आयोजन के लिए की बधाई दी।

कुलपति ने कहा कि समसामायिक समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। ऐसे में ऐसे प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्राएं विषम परिस्थितियों में आत्मरक्षा में सक्षम हो सकती हैं।

डीडीयू में राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से...राज्यपाल करेंगे शिरकत

डीडीयू में नियंता मंडल का गठन, 34 शिक्षक शामिल

Hindustan Page - 08

एनआईआरएफ और वर्ल्ड रैंकिंग में स्थान बनाने की कवायद

अब शोध और पेटेंट पर 'क्वार्टाइल रिसर्च अवार्ड'

डीडीयू

उत्कृष्ट शोध और पेटेंट पर सम्मान के साथ प्रोत्साहन राशि भी

मिलेंगे चार कैटेगरी में दिए जाने वाले रिसर्च अवार्ड; विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट के आधार पर निर्णय

चार कैटेगरी में किया जाएगा सम्मानित

4.83 करोड़ से होगा तीन छात्रावासों का जीर्णोद्धार

सौगात

डीडीयू में नियंता मंडल का गठन

Amar Ujala Select Page - 04

डीडीयू के छात्रावासों का 4.83 करोड़ से होगा जीर्णोद्धार

छात्रावासों की जर्जर हालत को देखते हुए शासन को भेजा था प्रस्ताव, धन अवमुक्त होते ही इसी सत्र में पूरा होगा जीर्णोद्धार कार्य

4.08 करोड़ से हो रहा संत कबीर छात्रावास का जीर्णोद्धार

राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से...राज्यपाल करेंगे शिरकत

डीडीयू: छात्राओं को आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण

गोरखपुर। गोरखपुर यूनिवर्सिटी वुमेन वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से गोरखपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान कर ताइक्वांडो के प्रति जागरूक किया। कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने शारदीय नवरात्र के प्रथम दिन महिला सशक्तीकरण के लिए किए गए इस आयोजन के लिए की बधाई दी। कुलपति ने कहा कि समसामायिक समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है।

कुलपति और अधिष्ठाता ने छात्रावास में की सफाई

गोरखपुर। महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में गोरखपुर विश्वविद्यालय के अलकनंदा महिला छात्रावास में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. पूनम टंडन, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अनुभूति दुबे, अभिरक्षिका डॉ. मीतू सिंह और अन्य अधिकारियों ने परिसर की सफाई की। कुलपति ने स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने इन महान हस्तियों ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के महत्व को समझाया।

अभ्यर्थी आज से अभिलेखों का करा सकेंगे सत्यापन

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विषय में शोध पात्रता परीक्षा (रेट) 2023 के उत्तीर्ण अभ्यर्थी शुक्रवार से विभाग में पहुंच कर अपने अभिलेखों का सत्यापन करा सकते हैं। यह जानकारी राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने सभी मूल अभिलेखों का एक सेट फोटो के साथ विभाग में सुबह 10.30 बजे से एक बजे तक पहुंच कर सत्यापन करा सकते हैं।

Rashtriya Sahara Page - 07

आचार्य रामचंद्र तिवारी के जन्म शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम आज से

त्रिदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करेंगे हिमाचल के राज्यपाल

ताइक्वांडो का महत्व बताते हुए छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

एमए इतिहास प्रथम वर्ष व्यक्तिगत का परीक्षाफल घोषित

गोरखपुर (एसएनबी)। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के व्यक्तिगत के एमए इतिहास प्रथम वर्ष का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने उक्त जानकारी देते हुए सम्बन्धित सभी विद्यार्थियों से कहा है की उक्त परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

Nirbhik India

आचार्य रामचंद्र तिवारी के जन्म शताब्दी वर्ष पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हिन्दी विभाग गो0वि0 में लगा वॉटर कूलर, दूर होगी ठंडे पानी की किल्लत

Inext Page - 04

डीडीयू में नेशनल कांफ्रेंस में आज शामिल होंगे राज्यपाल

10.30 बजे होगा प्रारंभ

यह जानकारी यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने गुरुवार को दी. उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कांफ्रेंस में "हिन्दी भाषा और साहित्य: आलोचना का मूल्य और डॉ. रामचन्द्र तिवारी" विषय पर देश भर के प्रतिष्ठित साहित्यकार अपना विचार व्यक्त करेंगे. कांफ्रेंस का उद्घाटन शनिवार सुबह 10.30 बजे हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल करेंगे. पद्मश्री प्रो. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी एवं केंद्रीय हिन्दी निदेशालय के निदेशक प्रो. सुनील बाबूराव कुलकर्णी भी उद्घाटन ...

लगेगी पुस्तक प्रदर्शनी

समाज में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी के साथ नई चुनौतियां भी बढ़ी हैं: कुलपति

Swatantra Chetna Page - 04

आज से होगा विश्वविद्यालय की तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

संगोष्ठी के दौरान लगेगी पुस्तक प्रदर्शनी

गोरखपुर विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी होगी दूर : 50 असिस्टेंट प्रोफेसरों की होगी नियुक्ति

-प्रोफेशनल कोर्स में शोध और पीएचडी के साथ 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

इस पहल से विश्वविद्यालय में शोध और पीएचडी के अवसर बढ़ेंगे और प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस की नियुक्ति से छात्रों को उद्योग के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। इस कदम से विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ने की उम्मीद है।

प्रो०पूनम टंडन, कुलपति, गोरखपुर विश्वविद्यालय

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर ने शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए संविदा के आधार पर सहायक प्रोफेसरों की नियुक्ति करने का निर्णय लिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द ही 50 सहायक प्रोफेसरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी करेगा, जिन्हें मूल वेतन पर नियुक्त किया जाएगा। यह निर्णय खासतौर पर उन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए लिया गया है जो स्ववित्तपोषित मोड पर संचालित होते हैं, जहां शिक्षकों की भारी कमी के कारण कक्षाएं शुरू करने के साथ-साथ शोध और पीएचडी जैसे कार्यक्रम शुरू करने में कठिनाई हो रही थी। विद्यार्थी लंबे समय से विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग, कृषि और पत्रकारिता जैसे प्रोफेशनल कोर्स में शोध और पीएचडी की मांग कर रहे थे। अभी परास्नातक करने के बाद विद्यार्थियों को शोध के लिए दूसरे विश्वविद्यालयों में जाना पड़ता है। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने अगले सत्र से इन कोर्स में पीएचडी शुरू करने की योजना बनाई है। इससे विद्यार्थियों को अपने ही विश्वविद्यालय में शोध करने का मौका मिलेगा और उन्हें बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। गोरखपुर विश्वविद्यालय के पत्रकारिता, होटल मैनेजमेंट, बीएएलएलबी और एमबीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' की नियुक्ति की जाएगी, ताकि छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार तैयार किया जा सके। इस योजना में अनुभवी पत्रकारों और होटल व्यवसायियों जैसे स्थानीय उद्योग विशेषज्ञों को शामिल किया जाएगा, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ फील्ड ट्रेनिंग भी मिल सके। इससे छात्रों को कोर्स पूरा करने के बाद नौकरी के अच्छे अवसर भी मिलेंगे।

Super Fast Times

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

सुपर फास्ट टाइम्स (कुशीनगर/गोरखपुर/गोण्डा/पीलीभीत)

गोरखपुर विश्वविद्यालय में जन्म शताब्दी वर्ष पर आज आयोजित होगी तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

-राष्ट्रीय संगोष्ठी में मिलेगी शोधकर्ताओं को अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए नई दिशा : प्रो० पूनम टंडन

-आचार्य रामचंद्र तिवारी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर देश के प्रख्यात साहित्यकार करेंगे विचार

-गोरखपुर विश्वविद्यालय में होगा संवेदनशीलता और आलोचना का साक्षात्कार

डीडीयू महिला कल्याण संघ ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का किया आयोजन

- समाज में महिलाओं के साथ उत्पन्न होने वाली नई चुनौतियों का सामना करने के लिए ऐसी कार्यशालाएँ महत्वपूर्ण : प्रो० पूनम टंडन

सुपर फास्ट टाइम्स

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय गोरखपुर के महिला कल्याण संघ गुवा ने गोरखपुर ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से गुवा ने छात्राओं को आत्मरक्षा के कुछ बुनियादी कदम समझाने और ताइक्वांडो जैसी कलाओं में रुचि पैदा करने का आयोजन किया। इस अवसर पर अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो० पूनम टंडन ने शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन महिला सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के लिए गुवा को बधाई दी। कुलपति ने कहा कि समकालीन समाज में महिलाओं की भागीदारी जहां बढ़ रही है, वहीं उनकी चुनौतियों की संख्या भी बढ़ रही है। ऐसे में जरूरी है कि हम इन चुनौतियों से घबराएं नहीं बल्कि उनसे लड़ने के नए तरीके खोजें, जिसमें ताइक्वांडो प्रशिक्षण भी एक है। कार्यक्रम की शुरूआत में गुवा की अध्यक्ष प्रो० नंदिता सिंह ने सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें पिछले कई वर्षों में गुवा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी दी। रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित संतोष कुमार यादव ने आत्मरक्षा के महत्व और ताइक्वांडो की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य भाग में प्रो० विजय चहल और संतोष यादव के नेतृत्व में तीन ताइक्वांडो प्रशिक्षुओं और ब्लैक बेल्ट तुलसी पुन, अंजलि और भव्या ने छात्राओं को ताइक्वांडो के कुछ महत्वपूर्ण शॉर्ट्स बताए, जिनका उपयोग विपरीत परिस्थितियों में आत्मरक्षा के लिए किया जा सकता है। ताइक्वांडो प्रदर्शन के बाद कुलसचिव प्रो० शांतनु रस्तोगी ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यशालाओं के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस तरह के आयोजन विश्वविद्यालय के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ० कुसुम रावत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मंच संचालन डॉ० गरिमा सिंह ने किया। कार्यक्रम में कला संकाय के डीन प्रो० राजवंत राव, मुख्य नियंता प्रो० गोपाल प्रसाद, गुवा की सचिव प्रो० सुनीता मुर्मू, प्रो०निधि चतुर्वेदी, प्रो०शिखा सिंह, प्रो० सुषमा पांडेय, डॉ० स्वर्णिमा सिंह, डॉ०रश्मि रानी, डॉ० आरती यादव, डॉ० वंदना, डॉ०विस्मिता पालीवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न विभागों के विद्यार्थी मौजूद रहे।